भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1925

जिसका उत्तर दिनांक 05.08.2021 को दिया जाना है

देश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र

1925# सुश्री सरोज पाण्डेय :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में भारत में कितने परमाणु ऊर्जा उत्पादन संयंत्र कार्यशील हैं और इनसे प्रतिवर्ष कुल कितने मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है;

(ख) क्या सरकार ने ऊर्जा की भावी आवश्यकताओं को देखते हुए नए संयंत्रों के निर्माण या पुराने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने की कोई योजनाएं बनाई हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

<u>उत्तर</u>

<u>राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)</u> :

(क) वर्तमान में 6780 MW की कुल क्षमता के साथ 22 रिएक्टर प्रचालनरत हैं और एक रिएक्टर, केएपीपी-3 (700 MW) दिनांक 10 जनवरी 2021 को ग्रिड के साथ जोड़ दिया गया है । विवरण अनुलग्नक में दिए गए हैं ।

(ख) तथा (ग) इसके अतिरिक्त, 8000 MW की कुल क्षमता वाले 10 नाभिकीय विद्युत रिएक्टर (भाविनी द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे 500 MW पीएफबीआर सहित) निर्माणाधीन हैं, सरकार ने शीघ्रगामी प्रणाली (फ्लीट मोड) द्वारा स्थापित किए जाने के लिए 7000 MW की कुल क्षमता वाले 10 स्वदेशी दाबित भारी पानी रिएक्टरों (पीएचडब्ल्यूआर) के निर्माण के लिए प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी प्रदान कर दी है । निर्माणाधीन और मंजूरी संस्वीकृत परियोजनाओं के क्रमिक रूप से पूरा होने पर, नाभिकीय क्षमता वर्ष 2031 तक 22480 MW पहुंचने की आशा है । अधिक नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थापित करने की भी भविष्य में योजना है ।

* * * * *

अनुलग्नक

राज्य	स्थान	यूनिट	क्षमता (MW)
महाराष्ट्र	तारापुर	टीएपीएस-1[&]	160
		टीएपीएस-2[&]	160
		टीएपीएस-3	540
		टीएपीएस-4	540
राजस्थान	रावतभाटा	आरएपीएस-1[@]	100
		आरएपीएस-2	200
		आरएपीएस-3	220
		आरएपीएस-4	220
		आरएपीएस-5	220
		आरएपीएस-6	220
तमिलनाडु	कल्पाक्कम	एमएपीएस-1[&]	220
		एमएपीएस-2	220
	कुडनकुलम	केकेएनपीपी-1	1000
		केकेएनपीपी-2	1000
उत्तर प्रदेश	नरौरा	एनएपीएस-1	220
		एनएपीएस-2	220
गुजरात	काकरापार	केएपीएस-1	220
		केएपीएस-2	220
कर्नाटक	कैगा	केजीएस-1	220
		केजीएस-2	220
		केजीएस-3	220
		केजीएस-4	220

[@]आरएपीएस-1 तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन के लिए विस्तारित शटडाउन के अधीन है ।

[&] टीएपीएस-1 एवं 2 तथा एमएपीएस-1 वर्तमान में परियोजना मोड के अधीन हैं ।